**<u>भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण</u>**

**<u>सर्वे सं. 115/1, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगूडा, हैदराबाद-500 032</u>**

**<u>(टेलीफोन सं. (040) 20204000)</u>**

**संविदागत आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति**

**संदर्भः एचआर/संविदागत/विशेषज्ञ/03/2023** **दिनांकः 29.03.2023**

1) भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) संसद के एक अधिनियम के अधीन बनाया गया एक सांविधिक निकाय है।
2) प्राधिकरण निम्नलिखित रिक्तियाँ संविदागत आधार पर भरने का प्रस्ताव करता है।
3) रिक्तियों का विवरण नीचे दिया गया हैः

| **क्रम सं.** | **पद का नाम** | **रिक्ति** |
|---|---|---|
| 1 | मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (सीटीओ) | 01 |
| 2 | मुख्य संचार परामर्शदाता ("सीसीसी") | 01 |
| 3 | मुख्य जन अधिकारी | 01 |
| 4 | मुख्य जोखिम अधिकारी | 01 |

टिप्पणीः उपर्युक्त सभी संविदागत पदों के लिए अधिकतम आयु सीमा 1 जनवरी 2023 की स्थिति के अनुसार 55 वर्ष होगी।

4) प्रत्येक पद के कार्य, दायित्व और अन्य अपेक्षाएँ निम्नानुसार हैं :
   1) मुख्य प्रौद्यिगिकी अधिकारी ("सीटीओ"):
      क) **कार्य और दायित्वः**
         i) सीटीओ सरकार की अपेक्षाओं और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप (आईटी) प्रौद्योगिकी मानकों और व्यवहारों (प्रोटोकालों) को विकसित करने के लिए उत्तरदायी है। सीटीओ लागू की गई पहलों के कार्यान्वयन, परिचालन और अनुरक्षण के लिए अपेक्षित रूप में आवश्यक प्रशिक्षण को भी परिभाषित करता है।
         ii) अनुशासित और सक्रिय आईटी निवेश संबंधी निर्णय लेने के लिए प्रौद्योगिकियों और कार्यक्रम क्षेत्रों के बीच एक सेतु के रूप में कार्य करता है।

iii) सीटीओ परिचालनगत प्रौद्योगिकी विषयों और निर्णयों का प्राथमिक विवेचक है। सीटीओ कार्यनीतिक और नीतिगत दिशानिर्देशों के अंदर संस्था की प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यकताओं, उपयोग और पुनःपूर्ति का समाधान करता है। प्रौद्योगिकी की दिशा, प्राधिकरण की परिदृष्टि, तथा इस परिदृष्टि के कार्यान्वयन को सुसाध्य बनाने के लिए इन्हें परस्पर अंतर्ग्रस्त करने की क्षमता की विस्तृत समझ सीटीओ की भूमिका के साथ संबद्ध है।

iv) विशेष रूप से सीटीओ को निम्नलिखित कार्य करने चाहिएः

(1) वर्तमान प्रौद्योगिकी और प्रणालियों का विश्लेषण और समीक्षा तथा सुधार के लिए क्षेत्रों का अभिनिर्धारण।

(2) प्रौद्योगिकी के प्लेटफार्मों का समेकन और उनके लिए दीर्घकालिक योजनाओं का निर्माण।

(3) अनुप्रयोगों, डेटा और सुरक्षा रणनीति का पर्यवेक्षण।

(4) प्रौद्योगिकी के परिदृश्य और प्रगति की अद्यतन जानकारी का अनुरक्षण।

(5) समग्र प्रणाली के अभिकल्पन और प्रणाली की संरचना में परिवर्तनों का पर्यवेक्षण।

(6) तकनीकी पुनःप्राप्ति सहित विघटन, यदि कोई हो, का प्रबंध तथा हितधारकों के साथ संचार।

(7) आवश्यकतानुसार उद्योग के प्रतिनिधियों / मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारियों (सीटीओ), व्यावसायिक यूनिटों तथा विधि और अनुपालन टीमों के साथ समन्वय।

(8) आईटी बजटों का प्रबंध और संपर्क।

v) इसके अलावा, सीटीओ के निम्नलिखित कार्य होंगेः

(1) सूचना सुरक्षा के दृष्टिकोण से औपचारिक आईटी उत्पाद अनुमोदन प्रक्रिया के लिए दिशानिर्देश बनाना, जैसे स्रोत कूट प्राप्त करना, विक्रेताओं के साथ साफ्टवेयर निलंब (एस्क्रो) करार करना, बीजलेखन (क्रिप्टोग्राफी) के उपकरण, कूटलेखन (एनक्रिप्शन) समाधान, आदि।

(2) संदिग्ध घटनाओं और असामान्य / अपवादात्मक प्रतिमानों सहित, घटनाओं का अध्ययन और समीक्षा।

ख) **अर्हता और अनुभवः**

i) कंप्यूटर विज्ञान / आईटी / विज्ञान में प्रथम श्रेणी स्नातक अथवा समकक्ष। सीएस / आईटी में एम.एससी. / एम.टेक, सूचना प्रौद्योगिकी / आईटी जोखिम प्रबंध / साइबर सुरक्षा आदि में विशेषज्ञता से युक्त उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

ii) आवेदक को निम्नलिखित से युक्त होना चाहिएः

(1) आईटी क्षेत्र में और बड़े आईटी समाधान संभालने का कम से कम 15 वर्ष का अनुभव।

(2) विशिष्ट परियोजना प्रबंध और संगठनात्मक कौशल; तथा बुनियादी संरचना प्रबंध, साफ्टवेयर बहुलता, अनुप्रयोग, डेटाबेस और मिडिलवेयर का कार्यसाधक ज्ञान।

(3) बीएसएफआई और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में कार्य करने की पृष्ठभूमि से युक्त उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी।

ग) **प्रतिकरः**

i) कुल परिलब्धियाँ लगभग रु. 70 लाख प्रति वर्ष होंगी। अर्हता और अनुभव के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों को उच्चतर क्षतिपूर्ति के संबंध में विचार किया जा सकता है।

2) मुख्य संचार परामर्शदाता ("सीसीसी")

क) **कार्य और दायित्वः**

**i)** संस्था के मिशन और लक्ष्यों का समर्थन करने के लिए कार्यनीतिगत संचार योजनाएँ विकसित करना और कार्यान्वित करना।

**ii)** मीडिया संबंधों का प्रबंध करना और संस्था के लिए सक्रिय रूप से मीडिया कवरेज प्राप्त करना।

**iii)** आंतरिक और बाहय भागीदारों सहित, प्रमुख हितधारकों के साथ सुदृढ़ संबंध विकसित करना और उन्हें बनाये रखना।

**iv)** सभी आंतरिक और बाहय संचार सामग्रियों के विकास और वितरण का पर्यवेक्षण करना।

**v)** संकट-स्थिति संचार योजनाएँ विकसित करने और निष्पादित करने सहित, संकटकालीन संचार का प्रबंध करना।

**vi)** कर्मचारी संचार कार्यनीतियों और कार्यक्रमों के विकास और कार्यान्वयन का संचालन करना।

**vii)** सभी संचार संबंधी पहलों और सामग्रियों में ब्रैंड सुसंगति सुनिश्चित करना।

**viii)** संस्था की वेबसाइट और सोशल मीडिया उपस्थिति का प्रबंध और पर्यवेक्षण करना।

**ix)** प्रभावी संचार रणनीतियाँ विकसित करने और लागू करने के लिए अन्य विभागों के साथ सहयोग करना।

**x)** संचार संबंधी पहलों के प्रभाव का विश्लेषण करना और इस संबंध में नेतृत्व को सूचित करना।

**xi)** संचार में उद्योग की प्रवृत्तियों और सर्वोत्तम प्रथाओं के संबंध में अद्यतन रहना।

**xii)** संचार बजट का प्रबंध करना और सुनिश्चित करना कि सभी कार्यकलाप बजट सीमाओं के अंदर निष्पादित किये जाएँ।

ख) **अर्हता और अनुभवः**

i) अनिवार्य (मैंडेटरी) : संचार, पत्रकारिता, अथवा संबंधित क्षेत्र में स्नातक उपाधि।

प्रमुख संस्थाओं से संबंधित क्षेत्रों में मास्टर उपाधि वांछनीय है।

ii) आवेदक के पास तुलनीय भूमिका में कम से कम 15 वर्ष का संबंधित अनुभव होना चाहिए।

iii) विभिन्न श्रोतागणों को जटिल सूचना का प्रभावी ढंग से संप्रेषण करने की क्षमता सहित, उत्तम लिखित और मौखिक संप्रेषण कौशल।

iv) संचार के प्रयोजनों के लिए डिजिटल और सामाजिक मीडिया का उपयोग करने में प्रवीणता।

v) संकट-स्थिति में संचार और मीडिया संबंधों का अनुभव।

vi) उत्कृष्ट अन्तरवैयक्तिक कौशल तथा प्रमुख हितधारकों के साथ संबंध निर्मित करने और उन्हें बनाये रखने की क्षमता।

ग) **प्रतिकरः**

कुल परिलब्धियाँ लगभग रु. 70 लाख प्रति वर्ष होंगी। अर्हता और अनुभव के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए उच्चतर प्रतिकर पर विचार किया जा सकता है।

3) **मुख्य जन अधिकारी ("सीपीओ")**

क) **कार्य और दायित्वः**

(i) सीपीओ श्रमशक्ति आयोजना, भर्ती और चयन, प्रतिभा प्रबंध, संगठनात्मक विकास, कर्मचारी संबंध, तथा मानव संसाधन (एचआर) परिचालनों के लिए उत्तरदायी है। सीपीओ को अनिवार्यतः अत्यंत अंतरवैयक्तिक और नेतृत्व कौशल से युक्त होना चाहिए। उसे डेटा विश्लेषण और व्याख्या में भी निपुण होना चाहिए।

(ii) इसके अतिरिक्त, सीपीओ प्राधिकरण की कार्यनीति और परिदृष्टि के लिए एचआर नीतियों का समर्थन सुनिश्चित करेगा।

ख) अर्हता और अनुभव

i) अनिवार्य (मैंडेटरी): विशेषीकरण के रूप में मानव संसाधन के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।

ii) अनुभवः एचआर कार्य में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव।

ग) **प्रतिकर**

**i)** कुल परिलब्धियाँ लगभग रु.70 लाख प्रति वर्ष होंगी। अर्हता और अनुभव के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए उच्चतर प्रतिकर पर विचार किया जा सकता है।

4) **मुख्य जोखिम अधिकारी ("सीआरओ")**

वित्तीय क्षेत्र अधिकाधिक वैश्वीकृत हो रहा है जहाँ अधिकार-क्षेत्रों के बीच पूँजी, गतिविधियों, विशेषज्ञता, प्रौद्योगिकी आदि का संचलन पहले से कहीं अत्यधिक मुक्त रूप से हो रहा है। बीमा क्षेत्र भी ऐसी वृद्धिशील अंतरसंबद्धता और जटिलता का साक्षात्कार कर रहा है।

क) **कार्य और दायित्वः** सीआरओ निम्नलिखित कार्य करेगाः

i) दोनों देशी और अंतरराष्ट्रीय आर्थिक परिवेश की निरंतर बारीक जाँच (स्कैनिंग) करेगा तथा बीमा के क्षेत्र पर फोकस के साथ सुसंगत निविष्टियाँ प्रस्तुत करेगा।

ii) बीमा पालिसी अनुसंधान पर फोकस केन्द्रित करेगा तथा अन्य वित्तीय बाजार सहभागियों के साथ जो बीमाकर्ताओं और बीमा बाजारों को प्रभावित कर सकते हैं, संबंधित समष्टिआर्थिक परिवर्तियों और अंतरसंबद्धता का पता लगाएगा।

iii) संभावित आर्थिक और वित्तीय आघातों के संबंध में वित्तीय प्रणाली की असुरक्षितता की निगरानी करेगा तथा उसके प्रभाव-विस्तार की जाँच करेगा।

iv) उन प्रवृत्तियों और गतिविधियों का अध्ययन करने के द्वारा जो बीमाकर्ताओं के जोखिम प्रोफाइल को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकती हैं, एक बहुविषयक और क्षेत्र-पार (क्रास-सेक्टर) परिप्रेक्ष्य से समष्टि विवेकपूर्ण निगरानी दृष्टिकोणों की पहचान करना।

v) सभी जोखिमों को एक समग्र दृष्टिकोण से स्पष्टतः देखना और तदनुसार विनियमित संस्थाओं का मार्गदर्शन करना।

vi) उन प्रक्रियाओं की पहचान और कार्यान्वयन करना जिन्हें नियमित बाजार विश्लेषण संचालित करने के लिए लागू करने की आवश्यकता है, ऐसे किन्हीं परिवर्तनों / गतिविधियों का पता लगाना जो बीमा क्षेत्र को प्रभावित कर सकती हैं।

ख) **अर्हता और अनुभव**

i) भारतीय बीमांकक संस्थान का फेलो अथवा भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान का फेलो / सीएफए संस्थान द्वारा प्रदान किये गये सनदी वित्तीय विश्लेषक का धारक, अधिमानतः वित्तीय जोखिम प्रबंध में व्यावसायिक प्रमाणीकरण के साथ।

ii) बीएफएसआई क्षेत्र में कम से कम 15 वर्ष का अनुभव, जिसमें किसी संस्था में मुख्य जोखिम अधिकारी के रूप में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव शामिल है जिसके संबंध में बोर्ड के अनुमोदन से एक सीआरओ को नियुक्ति करने की विनियामक अपेक्षा हो।

**ग) प्रतिकर**

i) कुल परिलब्धियाँ लगभग रु.70 लाख प्रति वर्ष होंगी। अर्हता और अनुभव के आधार पर उपयुक्त उम्मीदवारों के लिए उच्चतर प्रतिकर पर विचार किया जा सकता है।

5) अन्य वांछनीय क्षमताएँ जो उपर्युक्त सभी पदों के लिए सामान्य हैं :

i) व्यवसायियों की टीम का प्रबंध करने की क्षमता सहित, सुदृढ़ नेतृत्व कौशल।

ii) कार्यनीतिक/रणनीतिक तौर पर विचार करने और कार्यनीति/ रणनीति को कार्य में परिणत करने की क्षमता।

iii) सुदृढ़ परियोजना कौशल तथा एकसाथ बहुविध परियोजनाओं का प्रबंध करने की क्षमता।

iv) उत्कृष्ट लिखित संप्रेषण, प्रस्तुतीकरण और अंतरवैयक्तिक कौशल।

v) प्रभावी समय प्रबंध कौशल तथा बहुल कार्य और कठोर समय-सीमाओं के अंतर्गत कार्य करने का सामर्थ्य प्रदर्शित करना।

vi) उत्तम विश्लेषण कौशल, समस्या-समाधान की निपुणता और दबाव के अधीन कार्य करने की क्षमता।

6) उपर्युक्त सभी संविदागत पदों के लिए संविदा की अवधिः

क) संविदा की अवधि कार्यग्रहण करने की तारीख से तीन वर्ष होगी तथा आवश्यकता और कार्यनिष्पादन के मूल्यांकन के आधार पर इसे बढ़ाने के लिए विचार किया जा सकता है। संविदा 30 दिन की सूचना देते हुए कोई भी कारण बताये बिना किसी भी समय प्राधिकरण के अध्यक्ष के द्वारा समाप्त की जा सकती है। यदि नियुक्त व्यक्ति संविदागत अवधि की समाप्ति से पहले संविदा को समाप्त करना चाहता है, तो उसके द्वारा प्राधिकरण को एक महीने की एक सुस्पष्ट नोटिस देनी होगी।

7) चयन प्रक्रियाः

क) उम्मीदवारों की अर्हता, अनुभव और समग्र उपयुक्तता के आधार पर साक्षात्कार के लिए उनकी चयन-सूची बनाई जाएगी। केवल अन्वेषण-व-चयन समिति द्वारा चयन-सूची में सम्मिलित किये गये उम्मीदवार ही

साक्षात्कार/परस्पर सक्रियता (इंटरऐक्शन) के लिए बुलाये जाएँगे। उक्त अन्वेषण-व-चयन समिति अपने विवेकानुसार, उन उम्मीदवारों को छोड़कर जिन्होंने पद के लिए आवेदन किया है, सभी प्रकार से पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन किसी भी व्यक्ति (व्यक्तियों) की पहचान और सिफारिश करने के लिए स्वतंत्र है। उक्त अन्वेषण समिति अंतिम चयन और नियुक्ति के लिए आईआरडीएआई को नामों की एक पैनल की सिफारिश करेगी। यदि उपयुक्त समझा जाता है, तो चयन प्रक्रिया को आशोधित करने का अधिकार आईआरडीएआई के पास सुरक्षित है।

ख) उक्त संविदा डाक्टरी जाँच, पृष्ठभूमि की जाँच और शंसा-पत्रों (टेस्टिमोनियल्स) के सत्यापन सहित, नियोजन-पूर्व सभी औपचारिकताओं को संतोषजनक ढंग से पूरा करने के अधीन होगी।

ग) पात्र उम्मीदवार अपने आवेदन निर्धारित फार्मेट में, लिफाफे पर **"संविदागत आधार पर अधिकारियों की नियुक्ति के लिए आवेदन"** लिखने के बाद, इस प्रकार प्रस्तुत करें कि वे अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास **12.04.2023 को अपराह्न 5 बजे तक** अथवा उससे पहले पहुँचें।

**मुख्य महाप्रबंधक (जीए एण्ड एचआर)**
**भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण**
**सर्वे सं. 115/1, फाइनैंशियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगूडा,**
**हैदराबाद-500 032, तेलंगाना.**
**ई-मेलः appointments@irdai.gov.in**

घ) पात्रता के ब्योरे और अन्य शर्तों की पूर्ति 1 जनवरी, 2023 की स्थिति के अनुसार की जानी चाहिए।

8) **अन्य निबंधन और शर्तें :**

क) आवेदन केवल निर्धारित फार्मेट में ही प्रस्तुत किये जाने चाहिए जो अनुबंध क में दिया गया है। राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं आदि सहित, सरकारी / अर्ध-सरकारी कार्यालयों, सरकारी क्षेत्र उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार (इंटरव्यू) के समय अपने नियोजक से प्राप्त एक `अनापत्ति प्रमाणपत्र' (एनओसी) और सतर्कता संबंधी अनुमति प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा तथा यात्रा व्यय जो अन्य प्रकार से स्वीकार्य हैं, यदि कोई हों, का भुगतान

नहीं किया जाएगा। आवेदनों की प्राप्ति के लिए अंतिम तारीख 12.04.2023 को अपराहन 5 बजे तक है।

ख) आवेदन जो अधूरे हैं अथवा निर्धारित फार्मेट में नहीं हैं अथवा आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख से पहले प्राप्त नहीं किये गये हैं, तुरन्त अस्वीकार किये जा सकते हैं।

ग) आईआरडीएआई उन उम्मीदवारों के लिए कोई उत्तरदायित्व स्वीकार नहीं करता जो आईआरडीएआई के नियंत्रण से बाहर के किसी भी कारण से अंतिम तारीख के अंदर अपने आवेदन प्रस्तुत नहीं कर सकते।

घ) जो उम्मीदवार केवल पात्रता मानदंड पूरे करते हैं, उनके पास चयन-सूची में शामिल किये जाने के लिए और साक्षात्कार/ परस्पर सक्रियता (इंटरऐक्शन) हेतु बुलाये जाने के लिए कोई अधिकार सुरक्षित नहीं है। इस संबंध में अन्वेषण-व-चयन समिति का निर्णय अंतिम होगा।

ङ) जो अधिकारी अधिसूचित पद के लिए आवेदन करते हैं, उनके संबंध में केवल उसी पद के लिए विचार किया जाएगा।

च) आईआरडीएआई के पास किसी पद को भरने अथवा बिलकुल न भरने का अधिकार सुरक्षित है।

छ) अनुयाचन (कैन्वसिंग) अथवा किसी भी रूप में अनुचित प्रभाव डालना उम्मीदवार को निरर्हित (डिसक्वालिफाई) करेगा।

ज) कोई भी उम्मीदवार जो ज्ञानपूर्वक अथवा जान-बूझकर गलत या झूठा विवरण प्रस्तुत करता है अथवा महत्वपूर्ण सूचना को दबाता है, उसकी उम्मीदवारी चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त किया जा सकता है। यदि उम्मीदवार चयन प्रक्रिया में अर्हता प्राप्त करता है तथा तदुपरांत यह पाया जाता है कि वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/ पूरा नहीं करती, तो उसकी उम्मीदवारी निरस्त की जाएगी और यदि उसकी नियुक्ति की जाती है, तो किसी भी नोटिस या क्षतिपूर्ति के बिना संविदा समाप्त की जाएगी।

झ) पात्रता, साक्षात्कार का संचालन, निर्धारण, तथा परिणाम सूचित करने एवं अन्य संबद्ध विषयों के संबंध में सभी मामलों में आईआरडीएआई का निर्णय अंतिम और उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा तथा इस संबंध में किसी पत्राचार अथवा वैयक्तिक पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा।

ञ) साक्षात्कार के लिए बुलाये जानेवाले बाहयस्थान के उम्मीदवारों को आवश्यक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने के अधीन, उनके कार्य/निवास के स्थान से

निकटतम मार्ग द्वारा आने और जाने के लिए इकानमी श्रेणी हवाई यात्रा भाड़े की प्रतिपूर्ति की जाएगी।

ट) चयनित उम्मीदवार आईआरडीएआई के किसी भी कार्यालय में नियोजित अथवा स्थानांतरित किया जा सकता है।

ठ) किसी भी कारण से पूर्णतः अथवा अंशतः विज्ञापन को निरस्त करने का अधिकार आईआरडीएआई के पास सुरक्षित है।

ड) इस अधिसूचना और / या इसकी प्रतिक्रिया में प्रस्तुत किये गये किसी आवेदन के कारण उत्पन्न होनेवाले किसी भी दावे अथवा विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल हैदराबाद में ही प्रारंभ की जा सकती है तथा केवल हैदराबाद स्थित न्यायालयों / न्यायाधिकरणों / फोरमों के पास ही किसी मुकदमे/ वाद की न्यायिक जाँच करने का एकमात्र और अनन्य क्षेत्राधिकार होगा।

ढ) समस्त पत्राचार ई-मेल और स्पीड पोस्ट के द्वारा ही किया जाएगा। अतः सभी उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे सही ई-मेल पता उपलब्ध कराएँ तथा आईआरडीएआई से किसी भी अद्यतन जानकारी (अपडेट्स) के लिए अपने ई-मेलों की जाँच नियमित रूप से करें।

ण) शुद्धिपत्रः कृपया ध्यान रखें कि उपर्युक्त विज्ञापन के संबंध में जारी शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल आईआरडीएआई की वेबसाइट पर ही प्रकाशित की जाएगी।

अनुबंध-क

**<u>आवेदन</u>**

**<u>भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण</u>**

**हैदराबाद**

---

| हाल का पासपोर्ट आकार |
|---|

पद जिसके लिए आवेदन किया गया हैः ______________________

**(क)<u>व्यक्तिगत विवरण</u>**

| क्रम सं. | विवरण | |
|---|---|---|
| 1 | पूरा नाम (स्पष्ट अक्षरों में) | |
| 2 | पिता / पति का नाम | |
| 3 | लिंग (पुरुष/महिला/ट्रांस) | |
| 4 | जन्म-तिथि | |
| 5 | 1 जनवरी, 2023 को आयु | |
| 6 | संस्था जिसमें कार्यरत हैं | |
| 7 | कार्यालय का पता और टेलीफोन संख्याएँ | |

**(ख)<u>अर्हताएँ</u>**

1. शैक्षिक अर्हता (स्नातक उपाधि से आगे):

| उत्तीर्ण परीक्षाएँ | विश्वविद्यालय/ संस्थान | उत्तीर्ण करने का वर्ष | पाठ्यक्रम की अवधि | अंकों का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

2. व्यावसायिक अर्हता

| **उत्तीर्ण परीक्षाएँ** | **विश्वविद्यालय/ संस्थान** | **उत्तीर्ण करने का वर्ष** | **पाठ्यक्रम की अवधि** | **अंकों का प्रतिशत** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

**(ग)** **<u>अनुभव का विवरण वर्तमान से प्रारंभ करते हुए पीछे की ओर</u>** (यदि आवश्यक हो, तो अपने हस्ताक्षर से विधिवत् अधिप्रमाणित अलग शीट संलग्न करें)

| **नियोजक का नाम और पता** | **पदनाम** | **वेतनमान** | **कार्य का प्रोफाइल** | **अवधि** | | **कुल अवधि वर्ष, महीने में** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | कब से (दिन-माह-वर्ष) | कब तक (दिन-माह-वर्ष) | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

**ग.1 कुल अनुभव (वर्षों और महीनों में): ..........................................................................................**

**(घ) <u>अन्य</u>**

| **क्रम सं.** | **विवरण** | |
|---|---|---|
| 1 | बीमा/वित्तीय क्षेत्र में प्रवीणता का विवरण | |
| 2 | कंप्यूटर कौशल में प्रवीणता का विवरण | |
| 3 | कोई अन्य संगत सूचना, जो आप देना चाहें | |

(ङ) **<u>उपयुक्तता</u>**

| | |
|---|---|
| संक्षेप में बताएँ कि आप स्वयं को आवेदित पद के लिए कैसे सर्वाधिक उपयुक्त पाते/पाती हैं | |
| | |
| | |

(च) **<u>संदर्भ</u>**

| नाम और पदनाम | पता | संपर्क संख्याएँ |
|---|---|---|
| 1. | | |
| 2. | | |

(छ) **पत्र-व्यवहार के लिए पता**

| डाक पता (स्पष्ट अक्षरों में) | ई-मेल |
|---|---|
| | |
| | |
| | |
| राज्यः | मोबाइल संख्या |
| पिन कोडः | |

**<u>घोषणा</u>**

1. मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूँ/ करती हूँ कि इस आवेदन में दिये गये सभी विवरण सत्य, संपूर्ण तथा मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार सही हैं।
2. मैं घोषित करता हूँ / करती हूँ कि
   क) मैं किसी भी समय, भारत में किसी भी न्यायालय के द्वारा नैतिक चरित्रहीनता के साथ संबद्ध किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया हूँ / नहीं ठहराई गई हूँ।
   ख) मेरे द्वारा किये गये रूप में आरोपित किसी अपराध के संबंध में कोई कार्यवाही भारत में किसी भी न्यायालय के समक्ष लंबित नहीं है।
   ग) उपस्थिति (पेशी) के लिए कोई वारंट या समन, अथवा मुझे गिरफ्तार करने के लिए कोई वारंट किसी भी न्यायालय के द्वारा जारी नहीं किया गया है तथा भारत से प्रस्थान करने से मुझे निषिद्ध करते हुए कोई आदेश किसी भी न्यायालय द्वारा जारी नहीं किया गया है।
3. मैं समझता हूँ / समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा प्रस्तुत कोई भी सूचना झूठी पाई जाती है अथवा वह पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती है तो इससे चयन प्रक्रिया से मेरी निरर्हता के लिए मार्ग प्रशस्त होगा तथा मेरी उम्मीदवारी / नियुक्ति निरस्त / समाप्त की जा सकती है।

4. मैं सहमत हूँ और घोषणा करता हूँ / करती हूँ कि साक्षात्कार के लिए मेरा प्रवेश पूर्णतया अनंतिम है। केवल यह तथ्य कि साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र मुझे जारी किया गया है, यह अर्थ नहीं रखता कि आईआरडीएआई द्वारा मेरी उम्मीदवारी को अंतिम रूप से स्वीकार किया गया है, तथा इसके अलावा वह आईआरडीएआई में नियुक्ति के लिए मुझे हकदार नहीं बनाता।
5. मैं समझता हूँ / समझती हूँ और सहमत हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई झूठी सूचना के कारण से मेरे द्वारा आवेदित पद के लिए मेरी उम्मीदवारी आईआरडीएआई द्वारा निरस्त की जाती है, तो मैं आईआरडीएआई में किसी भी पद के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं रहूँगा / रहूँगी।

दिनांकः

स्थानः

(आवेदक के हस्ताक्षर)